# उ० प्र० राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग
# उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०
## ( उ०प्र० सरकार का उपक्रम )
## कक्ष संख्या 1025, 10वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार
## 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

UPRVUNL

## विज्ञापन संख्या यू–19 / यूपीआरवीयूएसए / 2015

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि० हेतु अनारक्षित, अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग(नॉन क्रीमी लेयर)के समूह 'ग' के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से प्रतियोगात्मक परीक्षा एवं साक्षात्कार द्वारा चयन हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन **ऑनलाइन माध्यम** के द्वारा आमंत्रित हैं। **अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह रिक्तियाँ विकलांग अभ्यर्थियों हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा चिन्हित नहीं हैं।** रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है :

| क्रम सं0 | पद कोड | पदनाम | पाठ्यक्रम ट्रेड | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | तकनीशियन ग्रेड–2(विद्युत) TECHNICIAN GRADE-2 (ELECTRICAL) | इलेक्ट्रीशियन | 237 | 119 | 64 | 50 | 04 |
| 2 | 02 | तकनीशियन ग्रेड–2(यांत्रिक) TECHNICIAN GRADE-2 (MECHANICAL) | फिटर | 237 | 119 | 64 | 50 | 04 |
| 3 | 03 | तकनीशियन ग्रेड–2(इन्सट्रूमेन्ट) TECHNICIAN GRADE-2 (INSTRUMENT) | इन्सट्रूमेन्ट अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स | 118 | 59 | 32 | 25 | 02 |

उपरोक्त रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाने एवं बढ़ाने का अधिकार उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि० के पास सुरक्षित है।

- उक्त पदों पर आरक्षण उ0प्र0 राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य है। अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी अनारक्षित वर्ग के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।
- उपरोक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा एक ही तिथि को एक साथ सम्पन्न होगी, जिससे एक अभ्यर्थी एक ही पद की लिखित परीक्षा में बैठ सकेगा।
- उपरोक्त पदों पर चयन होने की अवस्था में निगम की तापीय परियोजनाओं में पाली में कार्य करना होगा।
- उक्त पद पेन्शनेबुल न होकर मात्र अंशदायी भविष्य निधि योजना के अन्तर्गत आवरित है।

1. **वेतनमानः–** वेतन बैण्ड–1 में वेतनमान रू0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2600 (अन्य भत्ते उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 में लागू नियमानुसार होगें)

2. **अनिवार्य शैक्षिक अर्हतायें:–**
   आवेदन के समय अभ्यर्थी के पास निम्न शैक्षिक अर्हता का पूर्ण होना आवश्यक है।

**(अ) तकनीशियन ग्रेड–2(विद्युत)पद हेतु :**

(1)माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा **विज्ञान एवं गणित** विषय के साथ उत्तीर्ण तथा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में अखिल भारतीय / राज्य व्यवसायिक प्रमाण पत्र एवं

(2)DOEACC द्वारा प्रदत्त 80 घंटे का Course on computer concept (CCC)का प्रमाण पत्र।

नोटः– (1) अनिवार्य अर्हता सम्बन्धी सभी प्रमाण पत्रों को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(2) **केवल इलेक्ट्रीशियन ट्रेड(ELECTRICIAN TRADE ) का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।**

(3) **केवल** DOEACC (वर्तमान NIELIT)द्वारा प्रदत्त 80 घंटे का Course on computer concept (CCC)का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(4) दूरस्थ शिक्षा माध्यम से **अथवा** अनुभव के आधार पर **अथवा** वांछित ट्रेड के समकक्ष तकनीकी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

**(ब) तकनीशियन ग्रेड–2(यांत्रिक)पद हेतु :**

(1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा विज्ञान एवं गणित विषय के साथ उत्तीर्ण तथा फिटर ट्रेड में अखिल भारतीय / राज्य व्यवसायिक प्रमाण पत्र एवं

(2) DOEACC द्वारा प्रदत्त 80 घंटे का Course on computer concept (CCC)का प्रमाण पत्र।

नोटः–(1) अनिवार्य अर्हता सम्बन्धी सभी प्रमाण पत्रों को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(2) **केवल फिटर ट्रेड (FITTER TRADE ) का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।**

(3) **केवल** DOEACC (वर्तमान NIELIT)द्वारा प्रदत्त 80 घंटे का Course on computer concept (CCC)का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(4) दूरस्थ शिक्षा माध्यम से **अथवा** अनुभव के आधार पर **अथवा** वांछित ट्रेड के समकक्ष तकनीकी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

**(स) तकनीशियन ग्रेड–2(इन्सट्रूमेन्ट)पद हेतु :**

(1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा **विज्ञान एवं गणित** विषय के साथ उत्तीर्ण तथा **इन्सट्रूमेन्ट ट्रेड** अथवा **इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड** में अखिल भारतीय/राज्य व्यवसायिक प्रमाण पत्र एवं (2)DOEACC द्वारा प्रदत्त 80 घंटे का Course on computer concept (CCC)का प्रमाण पत्र।

नोटः–(1) अनिवार्य अर्हता सम्बन्धी सभी प्रमाण पत्रों को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(2) **केवल इन्सट्रूमेन्ट ट्रेड** अथवा **इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड** (INSTRUMENT TRADE OR ELECTRONICS TRADE )**का प्रमाण पत्र मान्य होगा।**

(3) **केवल** DOEACC (वर्तमान NIELIT)द्वारा प्रदत्त 80 घंटे का Course on computer concept (CCC)का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(4) दूरस्थ शिक्षा माध्यम से **अथवा** अनुभव के आधार पर **अथवा** वांछित ट्रेड के समकक्ष तकनीकी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

3. **आयु** : दिनांक **01-07-2015** को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।

4. **आयु में अनुमन्य छूट :**

**(क)** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है, को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य है।

**(ख)** भूतपूर्व सैनिक (यथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश में परिभाषित एवं जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो) को अधिकतम आयु सीमा में उनके द्वारा सेना में की गयी पूर्ण वर्षों की सेवा की अवधि में तीन वर्ष जोड़ते हुए छूट अनुमन्य होगी।

**(ग)** अप्रेन्टिसशिप एक्ट–1961 के अन्तर्गत अप्रेन्टिस प्राप्त अभ्यर्थियों के निर्धारित आयु से अधिक होने की दशा में उन्हें प्रशिक्षण अवधि की सीमा तक (अधिकतम 2 वर्ष) अधिकतम आयु सीमा में शिथिलता अनुमन्य।

**नोटः–अधिकतम आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट का लाभ जोड़ते हुए अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।**

5. **आरक्षण** :–(क) आरक्षण का लाभ लेने हेतु उ0प्र0 का मूल निवासी होना आवश्यक है। **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/'अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्रेणी के वे अभ्यर्थी जो उ0प्र0 के मूल निवासी नहीं है, सामान्य श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करें।** (ख) अनुसूचित जनजाति के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अनूसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का चयन नियमानुसार किया जायेगा। (ग) भूतपूर्व सैनिक (यथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश में परिभाषित एवं जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो) को नियमानुसार रिक्तियों का 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा। (घ) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित को नियमानुसार रिक्तियों का 2 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होगा। (ड़) चयन परिधि की सूची के अन्त में दो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं अन्य बातें समान होने पर अप्रेन्टिस एक्ट–1961 के अन्तर्गत अप्रेन्टिस प्राप्त अभ्यर्थियों को चयन में वरीयता प्रदान की जायेगी एवं यदि प्राप्तांक एवं अन्य बातें समान होने पर एवं अप्रेन्टिस की अवधि भी समान हो तो ऊर्जा विभाग/ऊर्जा प्रतिष्ठान में की गयी अप्रेन्टिस को वरीयता प्रदान की जायेगी।

6. **आवेदन शुल्क** : आवेदन शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी (उ0प्र0 के मूल निवासी) | Rs. 400/- |
| 2. | अन्य श्रेणी | Rs. 600/- |

(1) आवेदन शुल्क नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/Payment Gateway अथवा स्टेट बैंक आफ इंडिया के चालान के माध्यम से जमा होगी, इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन शुल्क जमा नहीं होगा, जमा करने की विधि वेबसाइट www.uppcl.org पर उपलब्ध है, **बैंक चार्जेज अभ्यर्थी द्वारा अलग से देय होंगे।** **(2)** आवेदन शुल्क के मद में जमा की गयी धनराशि किसी भी दशा में न तो वापस की जायेगी और न ही स्थानान्तरित अथवा किसी अग्रिम चयन हेतु सुरक्षित की जायेगी।

7. **अर्हताओं एवं अन्य प्रमाण पत्रों का प्रस्तुतीकरण :–**

अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर लिखित परीक्षा में अस्थायी रुप से (provisionally) सम्मिलित किया जायगा। अभ्यर्थियों के मात्र लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने से अर्हता /चयन का अधिकार प्राप्त नही हो जायेगा। विज्ञापित पद हेतु अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता सम्बन्धी निर्धारित योग्यता प्रमाण पत्र/ अंकपत्र/जाति प्रमाण पत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र/कम्प्यूटर सम्बन्धित "CCC" प्रमाण पत्र/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र तथा भूतपूर्व सैनिक(यथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश में परिभाषित एवं जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो) प्रमाण पत्र इत्यादि (जो अप्रासंगिक हों उन्हें छोड़कर) की एक–एक स्वयं सत्यापित एवं हस्ताक्षरित छायाप्रति आनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट के साथ साक्षात्कार के समय जमा करायी जायेगी। लिखित परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले एवं साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यथियों के ही अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की जॉच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। किसी भी प्रकार

की गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर, बिना सूचना के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थन निरस्त करने एवं चयन प्रक्रिया से वंचित करने का अधिकार सुरक्षित है।

8. **अनापत्ति प्रमाण पत्र :** यदि कोई अभ्यर्थी किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग में कार्यरत है तो उसे नियुक्ति के समय अपने विभागाध्यक्ष द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

9. **चरित्र :** अभ्यर्थी को अपने पिछले शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अथवा दो सम्मानित व्यक्तियों, जो सम्बन्धी न हो, द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना होगा।

10. **वैवाहिक स्थिति :** ऐसे पुरूष/महिला अभ्यर्थी जो एक से अधिक जीवित पत्नी/पति रखते हो तथा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिनका विवाह ऐसे व्यक्ति से हुआ हो जिसके पास पहले से एक या एक से अधिक जीवित पत्नी हो, चयन हेतु अर्ह नहीं होंगे।

11. **अन्य सेवा शर्तें:** अन्य सेवा शर्तों को उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि० की विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। सेवा शर्तों से पूर्ण रूप से आश्वस्त होने के बाद ही आवदेन करें।

12. **चयन प्रक्रिया :** चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। लिखित परीक्षा कम्प्यूटर पर आनलाइन विधि के द्वारा ली जायेगी। लिखित परीक्षा की अवधि एवं अन्य विवरण निम्नवत् है :–

| पद का नाम | लिखित परीक्षा (अवधि–3 घंटे) | अंकों का विवरण |
|---|---|---|
| तकनीशियन ग्रेड–2 | **200 वस्तुनिष्ठ प्रश्न–200 अंक**<br>(150 प्रश्न सम्बन्धित तकनीकी विषय, 20 प्रश्न सामान्य ज्ञान, 20 प्रश्न तार्किक ज्ञान एवं 10 प्रश्न सामान्य हिन्दी विषय से सम्बन्धित होंगे)<br>प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक दिया जायेगा एवं गलत उत्तर पर 0. 25 अंक अतिरिक्त काटे जायेगें। | **1)लिखित परीक्षा – 200 अंक**<br>(लिखित परीक्षा में अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 28 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य हैं।)<br>**2)साक्षात्कार – 25 अंक** |

लिखित परीक्षा में श्रेणीवार उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से, श्रेष्ठता के आधार पर, श्रेणीवार रिक्तियों के तीन गुने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु शार्टलिस्ट कर आमंत्रित किया जायेगा। शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियो को साक्षात्कार में सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा कि स्थिति में चयन प्रक्रिया अपूर्ण होने के कारण उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों में अन्तिम कमांक पर एक से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक होने की स्थिति में उन सभी अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार परीक्षा में प्राप्त अंको को मिलाकर श्रेष्ठता के आधार पर, श्रेणीवार रिक्तियों की सख्यानुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी।

13 **परीक्षा स्थानः–** परीक्षायें आगरा, इलाहाबाद, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मथुरा, वाराणसी एवं ग्रेटर नोएडा शहरों में होगी। अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर अथवा विशेष परिस्थितियों में परीक्षा के स्थान को बदला अथवा घटाया/बढ़ाया जा सकता है।

14. **आवेदन कैसे करें:** निगम की वेबसाइट www.uprvunl.org को खोलें एवं टैब "APPLY ONLINE AGAINST ADVT NO. 'U-19/UPRVUSA/2015' FOR THE POST OF TECHNICIAN GRADE-II" पर क्लिक करें जो निगम वेबसाइट के होम पेज एवं कैरियर टैब पर उपलब्ध रहेगा। खुलने वाले नये वेब पेज पर "How to Apply" पर क्लिक कर प्रक्रिया को भली–भॉति समझें एवं आवेदन पत्र को निर्देशानुसार पूर्ण करें तथा आवेदन शुल्क जमा करें। अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपना रजिस्टर्ड ई–मेल एवं मोबाइल नम्बर को अन्तिम परीक्षाफल आने तक सजीव रखें। इसी प्रकार पहचान सम्बन्धी दिए गए विकल्प जो आवेदन पत्र में उल्लिखित किया गया उसे भी अन्तिम परीक्षाफल आने तक सुरक्षित रखें। परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना इन्हीं के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

15. **प्रवेश पत्र :** लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये रजिस्टर्ड ई–मेल पर प्रेषित किये जायेंगे। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र वेबसाइट www.uprvunl.org से अथवा रजिस्टर्ड ई–मेल पर प्रेषित **लिंक** के द्वारा डाउनलोड करना होगा। Admit Card डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

16. **अन्य विवरणः व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य माध्यम से उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग कार्यालय में भेजे गये आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉ तथा उपरोक्त बिन्दु 7 के अनुसार छायाप्रतियॉ मूल आवेदन पत्र के साथ, साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **इन्हें प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में तथा प्रस्तुत अभिलेख गलत पाये जाने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु सम्मिलित न करते हुए अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।** अभिलेखों की जॉच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। नियुक्ति से पूर्व किसी भी स्तर पर गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर अर्हता पूर्ण न पायें जाने पर अभ्यर्थन/चयन बिना कारण बतायें निरस्त किया जा सकता है। सभी पत्राचार आवेदन पत्र में भरे गये पत्राचार के पते पर ही किये जायेंगे। उपर्युक्त विज्ञापन बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। विज्ञापन का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.uprvunl.org पर देखा जा सकता है।

17. **पारदर्शिताः–** परीक्षा की पारदर्शिता हेतु निम्न व्यवस्थायें की गई हैं:–

प्रश्नपत्र का सही हल, परीक्षा की समाप्ति से 02 दिन के अन्दर, विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा एवं अपलोड की तिथि से 03 दिन तक का समय साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कराने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

18. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल लखनऊ होगा।

19. **महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

| क0सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने की तिथियाँ | 25.07.2015 to 17.08.2015 |
| 2 | आवेदन शुल्क जमा करने की तिथियाँ | 26.07.2015 to 19.08.2015 |
| 3 | प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की संभावित तिथि | 01.09.2015 से लिखित परीक्षा की तिथि तक |
| 4 | संभावित परीक्षा माह | माह सितम्बर, 2015 |
| 5 | हेल्प लाइन नं0 एवं ई–मेल | 18001200711<br>0522–6567111<br>uprvunlrec 2015@gmail.com |

सचिव